# 31 अगस्त से 6 सितंबर तक के सप्ताह का साप्ताहिक राशिफल

**जय श्री राम**

अगर आप श्री राम जी के भक्त हैं और उनकी कृपा आपको मिल रही है तो श्री हनुमान जी की कृपा आपको स्वयं ही प्राप्त हो जाएगी । जिस व्यक्ति पर श्री हनुमान जी की कृपा होती है उसको कोई भी व्यक्ति ,विपत्ति, संकट पीड़ा ,व्याधि आदि सता नहीं सकता है। हम सभी श्री हनुमान जी से अष्ट सिद्धि और नव निधि के अलावा मोक्ष भी प्राप्त कर सकते हैं । श्री हनुमान जी की सेवा करके हम सभी प्रकार के सुख अर्थात आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार के सुख प्राप्त कर सकते हैं। श्री हनुमान जी की कृपा पाने के लिए सबसे अच्छी पुस्तक श्री हनुमान चालीसा है और श्री हनुमान चालीसा की आज की चौपाई है –

और देवता चित्त न धरई ।
हनुमत सेइ सर्ब सुख करई ।।

इस चौपाई के संपुट पाठ करने से सभी प्रकार के संकट स्वयं ही दूर हो जाएंगे । इस प्रकार श्री हनुमान जी के कृपा से आपके सभी संकट दूर हो जाएंगे । अतः किसी और देवता की आराधना करने की आपको आवश्यकता नहीं रहेगी ।

नाशे रोग हरे सब पीरा÷ नाम की पुस्तक में श्रीहनुमान चालीसा की चौपाइयों से संबंधित सभी उपायों का विस्तृत विवरण दिया हुआ है । इस पुस्तक को आप हमारे यहां से प्राप्त कर सकते हैं ।

अब मैं पंडित अनिल पाण्डेय आपको इस सप्ताह अर्थात 31 अगस्त से 6 सितंबर 2026 तक के सप्ताह के साप्ताहिक राशिफल के बारे में बताऊंगा । परंतु राशिफल के पहले मैं आपको इस सप्ताह में ग्रहों के गोचर के बारे में पूरी जानकारी दूंगा । इस सप्ताह सूर्य और बुध सिंह राशि में, मंगल मिथुन राशि में, गुरु कर्क राशि में , शनि वक्री होकर मीन राशि में तथा राहु कुंभ राशि में गोचर करेंगे ।

शुक्र प्रारंभ में कन्या राशि में रहेंगे तथा 1 तारीख के 4~55 रात अंत से तुला राशि में प्रवेश करेंगे ।

आई अब राशिवार राशिफल की चर्चा करते हैं ।

## मेष राशि



यह सप्ताह आपके संतान के लिए काफी अच्छा रहेगा । उनको सफलताएं प्राप्त होंगी । संतान का बहुत अच्छा सहयोग भी आपको प्राप्त हो सकता है । छात्रों की पढ़ाई ठीक चलेगी । उनको परीक्षाओं में सफलता प्राप्त होगी । आपकी प्रतिष्ठा उत्तम रहेगी । माता जी और जीवनसाथी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा । अविवाहित जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा । विवाह के बहुत अच्छे प्रस्ताव आएंगे । नए-नए प्रेम संबंध बन सकते हैं । पुराने प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी । भाग्य इस सप्ताह आपका साथ दे सकता है । भाई बहनों के साथ संबंधों में तनाव होगा । इस सप्ताह आपके लिए एक और दो सितंबर अच्छे परिणाम दायक हैं । तीन और चार सितंबर को आपको धन की प्राप्ति हो सकती है । 31 अगस्त को आपको सावधान रहना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन राम रक्षा स्त्रोत का पाठ करें । सप्ताह का शुभ दिन मंगलवार है ।

## वृष राशि




इस सप्ताह आपके प्रतिष्ठा में वृद्धि की उम्मीद की जा सकती है । जनप्रतिनिधियों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा । आपके पराक्रम में वृद्धि होगी । कर्मचारी और अधिकारियों को इस सप्ताह थोड़ा सावधान रहकर कार्यों को करना चाहिए । धन आने के मार्ग में कुछ बाधा हैं । भाग्य से सामान्य मदद मिलेगी । विशेष मदद की उम्मीद ना करें । अपने कर्मों पर विश्वास करें । आपके संतान को थोड़ा कष्ट हो सकता है । आपके शत्रु इस सप्ताह शांत रहेंगे । इस सप्ताह आपके लिए 3 और 4 सितंबर सफलता दायक है । एक और दो सितंबर को आपको सावधानी पूर्वक कार्यों को करना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें । सप्ताह का शुभ दिन शुक्रवार है ।

## मिथुन राशि



इस सप्ताह भी आपके पास धन आने की उम्मीद है । यह सप्ताह आपके भाई बहनों के लिए काफी अच्छा रहेगा । उनको तरक्की मिल सकती है । आपके पराक्रम में वृद्धि होगी । आपको अपने संतान से अच्छा सहयोग प्राप्त हो सकता है । संतान के सुख में वृद्धि होगी । भाग्य से इस सप्ताह आप कोई भी उम्मीद ना करें । आपको अपने कर्मों पर विश्वास करना चाहिए । जीवनसाथी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा । इस सप्ताह आपके लिए 31 अगस्त और 5 तथा 6 सितंबर विभिन्न प्रकार के कार्यों में सफलता दिलाने वाले हैं । तीन और चार सितंबर को आपको थोड़ा सावधान रहकर अपने कार्यों को होशियारी के साथ करना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन काले कुत्ते को तंदूर की रोटी खिलाएं । सप्ताह का शुभ दिन रविवार है ।

## कर्क राशि



इस सप्ताह आपको धन और प्रतिष्ठा दोनों मिल सकती है । आपके व्यापार में वृद्धि होगी । इस सप्ताह आपका और आपके माता जी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा । भाई बहनों के साथ संबंध सामान्य रहेंगे अर्थात जैसे पहले थे वैसे ही रहेंगे । कर्मचारी और अधिकारियों को सावधान रहकर कार्यों को करना चाहिए। जनप्रतिनिधियों के लिए यह सप्ताह ठीक है । भाग्य से सामान्य मदद प्राप्त होगी । इस सप्ताह आपके लिए एक और दो सितंबर उपयोगी हैं । पांच और छह सितंबर को आपको सावधान रहकर के अपने कार्यों को अंजाम देना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करें और शनिवार को दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर में जाकर कम से कम तीन बार हनुमान चालीसा का पाठ करें । सप्ताह का शुभ दिन सोमवार है ।

## सिंह राशि





इस सप्ताह आपका आत्मविश्वास उच्च कोटि का रहेगा । आपके व्यापार में वृद्धि होगी । भाई बहनों के साथ संबंध नरम और गरम रहेंगे । कचहरी के कार्यों में सावधान रहकर कार्य करें । आपके माता जी और पिताजी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा । कर्मचारी और अधिकारियों के लिए यह सप्ताह सामान्य रूप से उपयोगी है । धन लाभ में कमी हो सकती है । इस सप्ताह आपके लिए तीन और चार तारीख विशेष रूप से लाभदायक है । 31 अगस्त को आपको सचेत रहकर अपने कार्यों को करना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन लाल मसूर की दाल का दान करें और मंगलवार को हनुमान जी के मंदिर में जाकर कम से कम तीन बार हनुमान चालीसा का पाठ करें । सप्ताह का शुभ दिन बृहस्पतिवार है ।

## कन्या राशि



कचहरी के कार्यों में प्रयास करने पर और धन खर्च करने पर सफलता प्राप्त होगी । इस सप्ताह आपके पास धन आने की अच्छी संभावना है । धन प्राप्ति का पूर्ण प्रयास करें । अधिकारी और कर्मचारियों को इस सप्ताह थोड़ा सावधान रहकर करके कार्य करना चाहिए । आपका और आपके माता जी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा । भाई बहनों के साथ भी संबंध ठीक रहेंगे । दुर्घटनाओं से सावधान रहें । इस सप्ताह आपके लिए 31 अगस्त तथा 5 और 6 सितंबर फलदायक है । एक और दो सितंबर को आपको सचेत रहना चाहिए । तीन और चार सितंबर को आपको भाग्य से विशेष मदद प्राप्त हो सकती है । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन काले उड़द की दाल का दान करें और शनिवार को शनि मंदिर में जाकर शनि देव का पूजन करें । सप्ताह का शुभ दिन रविवार है ।

## तुला राशि



अविवाहित जातकों के लिए यह सप्ताह काफी अच्छा रहेगा । विवाह के अच्छे-अच्छे प्रस्ताव आएंगे । इस सप्ताह आपके पास धन आने का अच्छा योग है । धन प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास करें । अधिकारीयों और कर्मचारियों के लिए भी यह सप्ताह बहुत अच्छा रहेगा । भाग्य के स्थान पर इस सप्ताह आप अपने कर्म पर विश्वास करें । आपको अपने संतान से इस सप्ताह सहयोग प्राप्त नहीं हो पाएगा । छात्रों के पढ़ाई में बाधा पड़ेगी । इस सप्ताह आपके लिए एक और दो सितंबर अनुकूल है । 31 अगस्त , तीन और 9 सितंबर को आपको होशियारी पूर्वक कार्यों को करना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन रुद्राष्टक का पाठ करें । सप्ताह का शुभ दिन बुधवार है ।

## वृश्चिक राशि



कचहरी के कार्यों में सफलता का योग है। । पूर्ण प्रयास करने पड़ेंगे । कर्मचारी और अधिकारियों के लिए यह सप्ताह उत्तम रहेगा । कार्यालय में उनको सम्मान प्राप्त होगा । पिछले सप्ताह की भांति इस सप्ताह भी भाग्य आपकी मदद करेगा । दुर्घटनाओं से आपको सावधान रहना चाहिए । भाई बहनों के साथ संबंध ठीक रहेंगे । अगर खराब है तो उनमें सुधार आएगा । आपको अपने संतान से इस सप्ताह कोई विशेष सहयोग प्राप्त नहीं हो पाएगा । इस सप्ताह आपके लिए तीन और चार सितंबर परिणाम दायक है । सप्ताह के बाकी दिनों में आपको सावधानी पूर्वक अपने कार्यों को अंजाम देना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन शिव पंचाक्षर मंत्र का जाप करें । सप्ताह का शुभ दिन बृहस्पतिवार है ।

## धनु राशि



इस सप्ताह आपको भाग्य से भरपूर मदद मिलेगी । आपके कई कार्य आपके थोड़े से प्रयास से ही पूर्ण हो जाएंगे । धन आने का अच्छा योग है । धन प्राप्ति हेतु पूर्ण प्रयास करें । कर्मचारी और अधिकारियों के लिए यह सप्ताह सामान्य रूप से ठीक रहेगा । आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा । इस सप्ताह आपके लिए 31 अगस्त तथा 5 और 6 सितंबर लाभप्रद हैं । तीन और चार सितंबर को आपको सावधानी पूर्वक अपने कार्य करना चाहिए । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन शिव पंचाक्षर स्त्रोत का पाठ करें । सप्ताह का शुभ दिन रविवार है ।

## मकर राशि



यह सप्ताह आपके जीवनसाथी के लिए अच्छा है ।अधिकारी और कर्मचारियों के लिए यह सप्ताह उत्तम है । उनको सफलताएं प्राप्त हो सकती हैं । भाग्य से मामूली मदद मिल सकती है । आप अपने शत्रुओं को थोड़े से प्रयास से परास्त कर सकते हैं । आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा । भाई बहनों के साथ भी संबंध पहले जैसे ही रहेंगे । गलत रास्ते से धन आ सकता है । इस सप्ताह आपके लिए एक और दो सितंबर कार्यों को करने के लिए उचित है । तीन और चार सितंबर को आपके संतान को लाभ हो सकता है । छात्रों को परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है । पांच और छह सितंबर को आपको सचेत रहना चाहिए । इस सप्ताह आपको प्रतिदिन गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करना चाहिए । सप्ताह का शुभ दिन शुक्रवार है ।

## कुंभ राशि



यह सप्ताह आपके जीवनसाथी के लिए काफी अच्छा रहेगा । उनको सफलताएं प्राप्त होगी । व्यापारियों के लिए भी यह सप्ताह अच्छा रहेगा । उनके व्यापार में उन्नति होगी । धन भी प्राप्त होगा । भाग्य आपका साथ देगा । आप जितना कार्य करेंगे उससे बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे । आपके माता जी का स्वास्थ्य उत्तम रहेगा । पिताजी का स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा । कर्मचारियों अधिकारियों के लिए सप्ताह सामान्य है । तीन और चार सितंबर कार्यों को करने के लिए उपयुक्त हैं । तीन और चार सितंबर को ही आपको प्रतिष्ठा मिल सकती है । अधिकारी और कर्मचारियों को तीन और चार सितंबर को थोड़ा सावधान रहकर अपने मनोस्थिति को ठीक रखना चाहिए । सप्ताह के बाकी दिन ठीक-ठाक है । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जाप करें । सप्ताह का शुभ दिन शुक्रवार है ।

## मीन राशि



इस सप्ताह आपको अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त हो सकती है । आपकी संतान के लिए भी यह सप्ताह अच्छा रहेगा । छात्रों को इस सप्ताह परीक्षाओं में सफलता प्राप्त हो सकती है । दुर्घटनाओं में आपको कष्ट नहीं होगा । आपको अपने प्रतिष्ठा के प्रति सतर्क रहना चाहिए । जनप्रतिनिधियों को इस सप्ताह सावधान रहकर कार्यों को करना चाहिए । अधिकारी और कर्मचारियों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा । इस सप्ताह 31 अगस्त और पांच तथा 6 सितंबर आपके लिए प्रभावशाली है । सप्ताह के बाकी दिन भी ठीक-ठाक है । इस सप्ताह आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन भगवान शिव का दूध और जल से अभिषेक करें । सप्ताह का शुभ दिन रविवार है ।

ध्यान दें कि यह सामान्य भविष्यवाणी है । अगर आप व्यक्तिगत और सटीक भविष्वाणी जानना चाहते हैं तो आपको मुझसे दूरभाष पर या व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपनी कुंडली का विश्लेषण करवाना चाहिए । मां शारदा से प्रार्थना है या आप सदैव स्वस्थ सुखी और संपन्न रहें।



**पण्डित अनिल कुमार पाण्डेय**
**सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता**
**प्रश्न कुंडली और वास्तु शास्त्र विशेषज्ञ**
**साकेत धाम कॉलोनी, मकरोनिया , सागर (मध्य प्रदेश) , पिन कोड-470004**
**मोबाइल नंबर - 8959594400**

## लोकल स्पोर्ट्स

### फेंसिंग में वॉरियर्स के 18 खिलाड़ी चयनित




**इन्दौर।** शासकीय मालव कन्या विद्यालय, मोती तबेला, इंदौर में आयोजित 70वीं स्कूल गेम्स इंटर स्कूल फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में वॉरियर जर्नी डोजो, इंदौर के 18 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।खिलाड़ियों का चयन अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में सेबर, फॉइल और ईपी इवेंट के लिए डिवीजन फेंसिंग चैंपियनशिप हेतु हुआ।चयनित खिलाड़ियों में पार्थ बोरकर, यशस्व महेश्वरी, हिमांशु पुरे, दक्ष जोशी, दक्ष पगारे, राजवीर जादौन, रुपेश प्रजापति, उत्कर्ष प्रजापति, अनिरुद्ध रायबोले, अश्विन राठौर, नुर्वी जोशी, हृदिमा जगताप, वैष्णवी बोरकर, आशी चौरसिया, मानसी चौरसिया, खुशी पगारे, काशिश दया और सौम्या यादव शामिल हैं।इस उपलब्धि पर वॉरियर्स के कोच करण साहू एवं इंदौर फेंसिंग कोच हरिओम परमार ने शुभकामनाएं दीं।

### यशवंत क्लब चतुर्थ इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा 7 सितंबर से

**इन्दौर।** इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में यशवंत क्लब चतुर्थ इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा 7 से 11 सितंबर तक आयोजित की जायेगी। स्पर्धा के मुकाबले यशवंत क्लब में खेलें जायेगें।

उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव नीलेश वेद ने बताया कि स्पर्धा में पुरूष तथा महिला एकल मुकाबलों के साथ ही यूथ अंडर-11,अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 के आयु वर्गो में बालक एवं बालिकाओं के मुकाबले खेलें जायेगें। विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ईनामी राशि तथा ट्राफियां प्रदान की जायेगी। स्पर्धा का संचालन प्रशांत व्यास तथा नवीन सोनी करेगें। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाडी अपनी प्रविष्टियां ऑनलाईन बेसिक स्पोर्टस एप्प पर 30 अगस्त से 4 सितंबर शाम 05 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

### अग्रवाल परिषद के सदस्य पचमढ़ी में गुप्त महादेव से करेंगे

# समाज में सुख, शांति एवं सदभाव की प्रार्थना

इन्दौर। अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में परिषद के 100 से अधिक सदस्यों के दल को पचमढ़ी यात्रा के लिए बिदाई दी गई।

परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, यात्रा प्रमुख संयोजक अजय मंगल एवं सचिव आशीष गर्ग ने बताया कि महाराजा अग्रसेन की नवलखा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन के पश्चात सदस्यों को बिदाई दी गई।

इस यात्रा में गए सदस्य पचमढ़ी में धूपगढ़, गुप्त महादेव, पांडव गुफा एवं सूर्यास्त पॉइंट सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेंगे तथा समापन पर गुप्त महादेव के समक्ष राष्ट्र एवं समाज में सुख, शांति एवं सद्भावना के साथ ही मालवांचल में सुखद वर्षा के लिए प्रार्थना करेंगे। यात्रा की व्यवस्थाएं सत्यनारायण अग्रवाल, राजेंद्र समाधान, तरुण गर्ग, आशीष सोनम अग्रवाल, अनिल अग्रवाल टिल्लू, संजय संगीता अग्रवाल, अमित-रितु गोयल एवं लोकेन्द्र शशि गर्ग संभालेंगे।



# रक्षाबंधन पर मिलावटखोरों पर शिकंजा, लेकिन देपालपुर अंचल क्यों अछूता ?

देपालपुर। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर जहां इंदौर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाई, दूध एवं दुग्ध उत्पादों सहित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है, वहीं देपालपुर अनुभाग के देपालपुर, गौतमपुरा, बेटमा और हातोद क्षेत्र इस अभियान से लगभग अछूते नजर आ रहे हैं।

त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ जाती है। ऐसे समय में मिलावटी मावा, मिठाई, घी, दूध एवं अन्य खाद्य सामग्री के कारोबार पर प्रभावी निगरानी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद देपालपुर अनुभाग में कार्रवाई का अभाव अब चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

**आखिर देपालपुर में अभियान की रफ्तार इतनी धीमी क्यों?**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिले के अन्य क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच और सैंपलिंग की जा रही है, तो देपालपुर, गौतमपुरा, बेटमा और हातोद के मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कब और किस स्तर पर की जा रही है? क्या इन क्षेत्रों के खाद्य प्रतिष्ठानों में मिलावट की आशंका नहीं है? या फिर विभागीय निगरानी का दायरा यहां अपेक्षाकृत सीमित है? त्योहारी बाजार में बड़ी मात्रा में मिठाई और दुग्ध उत्पादों की बिक्री होती है। ऐसे में विभाग की जिम्मेदारी केवल कार्रवाई करने तक सीमित नहीं, बल्कि प्रिवेंटिव फूड सेफ्टी, सैंपलिंग, निरीक्षण और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

**कलेक्टर के निर्देशों का स्थानीय स्तर पर कितना पालन?**

जिले के मुखिया द्वारा खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए जाने के बाद अब निगाहें स्थानीय अमले की कार्यप्रणाली पर हैं। यदि जिले में विशेष अभियान चल रहा है, तो उसका प्रभाव देपालपुर अनुभाग में भी समान रूप से दिखाई देना चाहिए। स्थानीय नागरिकों और उपभोक्ताओं का सवाल है कि क्या देपालपुर अनुभाग के लिए भी कोई विशेष सैंपलिंग प्लान तैयार किया गया है? कितने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण हुआ? कितने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए? और यदि नमूने लिए गए हैं तो उनकी जांच रिपोर्ट का क्या परिणाम रहा?

### एलेट स्पोर्ट्स में बेल्ट ग्रेडिंग संपन्न



**इन्दौर।** शोतोकान अंतराष्ट्रीय कराते महासंघ एवं कोशिकी मध्यप्रदेश से मान्यताप्राप्त एलेट स्पोर्ट्स अकादमी में राष्ट्रीय कोच अमय लश्करी के सानिध्य में श्रेयस लिटिल चैंप्स में बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित की गई जिसमें करीब 50 बच्चों ने भाग लिया एवं करीब 25 बच्चों ने परीक्षा उतीर्ण की जिसमें अल्शिफा कुरैशी ने ब्लू बेल्ट हासिल किया।

वही येलो बेल्ट में श्रेयांश यशोना ,पृथ्वीराज यशोना , श्रेया ज़रिया , ध्रुव बघेल ,धीरज बघेल,विहान राठौर, हरसिद्धि राठौर ने परीक्षा उतीर्ण की । वही गायत्री राठौर ,दिशा राठौर , आराध्या मकवाना , उन्नति बासवे, तनिश भलावे एवं गीतांशी हुड्डा ने ऑरेंज बेल्ट हासिल किए। तेजस्विनी वर्मा एवं कोमल गौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ग्रीन बेल्ट अपने नाम किया । सीनियर वर्ग में तनीषा मालवीय, करिश्मा राठौर,अहम रावत ,चिराग़ सक्कार,विराट बोयाट ने रेड बेल्ट हासिल किया । आदित्य हाड़ौद, प्रवीण चौहान एवं प्रसून मिश्रा को कलर बेल्ट से संतोष करना पड़ा । बेल्ट हासिल करने वाले खिलाड़ियों को प्राचार्य राजेंद्र पाटिल ने बधाई दी एवं आभार रोहित कौशल ने माना ।

**NAME CHANGE**

I Rukhsana Khatoon W/o Mohammed Aslam Khan here by declare that I have changed my name as Rukhsana Khan W/o Mohammed Aslam Khan So from now and future I will be known by my new name Rukhsana Khan W/o Mohammed Aslam Khan

3-B, Advocate Colony, Khajrana, Indore - 452016 (M.P.)

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक व सही नाम सुभाष पिपलिया (SUBHASH PIPALIYA) पिता श्री रामलाल पिपलिया है, जो की मेरे आधार कार्ड, समग्र आईडी, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र एवं पेन कार्ड पर दर्ज है किन्तु मेरे कुछ शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो पर त्रुटीवश मेरा अधुरा नाम सुभाष (SUBHASH) पिता रामलाल दर्ज हो गया है, अतः भविष्य मे मेरे सभी दस्तावेजो पर मेरा सही नाम सुभाष पिपलिया (SUBHASH PIPALIYA) पिता श्री रामलाल पिपलिया लिखा पढ़ा जावे एव इसी नाम से जाना, पहचाना व सम्बोधित किया जावे।

**(सुभाष पिपलिया) (SUBHASH PIPALIYA)**
**पिता- श्री रामलाल पिपलिया**
**पता 04, ग्राम जलालखेडी उज्जैन (म.प्र.) 456006**